J-JNR/25/2026-EEJAL-MRJ

I/1008869/20

फोन नं0 05523-222336
फैक्स नं0 05523-222336
E-Mail ID:- eecdmaharajganj123@gmail.com

# कार्यालय,
# अधिशासी अभियन्ता,
# खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
# महराजगंज

पत्रांक: 977 / विविध-41 / 29 दिनांक: 04/05/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
महराजगंज।

विषयः– हिन्दी समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक "साढ़े तीन साल में पिलर भी नहीं बना सके, कैसे मिलेगा शुद्ध जल" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी समाचार में दिनांक 04.05.2026 को प्रकाशित शीर्षक **"साढ़े तीन साल में पिलर भी नहीं बना सके, कैसे मिलेगा शुद्ध जल"** के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–3 अन्तर्गत विकास खण्ड नौतनवां का बरवा खुर्द एवं गजरहीं ग्राम समूह पेयजल योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। फर्म द्वारा योजना पर नलकूप 100%, पाइप लाइन 90%, गृह संयोजन 75%, शिरोपरि जलाशय का कार्य ग्राउन्ड लेवल तक का कार्य कराया गया है। जनपद में कुल 720 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजना स्वीकृत है, जिसके सापेक्ष 371 ऐसी योजनाये जिनका निर्माण कार्य 80 प्रतिशत से अधिक है को सर्वप्रथम पूर्ण कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही शेष 349 योजनाओं पर भी निर्माण कार्य प्रगति पर है। बरवा खुर्द एवं गजरहीं ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो को वर्ष 2028 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। फर्म को उक्त अवधि में निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये है जिसे तय समय सीमा में पूर्ण करा दिया जायेगा।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय
Digitally signed by
ATIF HUSSAIN KHAN
Date: 04-05-2026
14:49:07
अधिशासी अभियन्ता
O/C

पृ0सं0 एवं दिनांक तदैव:–
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, महराजगंज।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर (खण्डान्तर्गत)।
4. प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स रिथविक–कोया (जे0वी0) महराजगंज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि योजना के अवशेष कार्यो को निर्धारित समय में पूर्ण कराना कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में आपके फर्म के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही हेतु बाध्य होना पड़ेगा जिसकी पुरी जिम्मेदारी आपके फर्म की होगी।

अधिशासी अभियन्ता

19 (6 #) Paper Cutting 2026